# बारिश ने पकड़ी रफ्तार, जलभराव ने बिगाड़ दी शहर की सूरत

## चार दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश, दुकानों पर नहीं पहुंच पा रहे ग्राहक, व्यापारी परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** दो दिनों से बारिश हो रही है। बुधवार को भी दिनभर तेज तो कभी हल्की बारिश होती रही जिसकी वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बरसात से आधे से अधिक शहर में पानी भर गया। गांधी ग्राउंड से लेकर सुभाष चौक तक और छह सड़का से लेकर दिनेश चौक तक सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। घरों और दुकानों में पानी भर गया। कई स्कूलों में रैनी डे घोषित कर दिया गया। जो खुले थे उनमें बच्चे भीगते हुए पहुंचे। दुकानों के आगे जलभराव से ग्राहक नहीं पहुंच पा रहे जिससे व्यापारी परेशान हैं।

- **स्कूलों में अघोषित रेनी डे, बारिश के चलते नहीं पहुंचे बच्चे**

बीते तीन से ऐसा हो रहा है कि लोगों की सुबह बारिश के बीच हो रही है। बुधवार को भी जब लोगों की आंख खुली तब उन्हें तेज बारिश का सामना करना पड़ा। बाहर निकलने पर उन्हें सड़कों पर जलभराव की समस्या से जूझना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार सुबह दस बजे तक जिले में 42.25 एमएम बारिश हो चुकी थी। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार मौसम विभाग द्वारा ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अगले पांच दिनों तक हल्की या फिर तेज बारिश होने का अनुमान है। पिछले तीन दिनों से जारी बारिश से तापमान भी गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।


जोगीपुरा रोड पर जलभराव से निकलते लोग। ● अमृत विचार

### कुछ खुले तो कई बंद रहे स्कूल

बुधवार से सुबह पांच बजे से तेज बारिश शुरू हो गई। नौ बजे तक बारिश होती रही। जिसकी वजह से अधिकांश स्कूलों में रैनी डे घोषित कर दिया गया। कुछ स्कूल खुले भी उनमें बच्चे भीगते हुए पहुंचे। लेकिन संख्या काफी कम रही। परिषदीय स्कूलों में भी यही स्थिति रहीं। बच्चों की संख्या कम रहने के साथ ही अधिकांश शिक्षक स्कूल नहीं पहुंच सके। इधर सरकारी कार्यालय में भी कर्मचारी देर से पहुंचे।


बारिश से सवारियों को बचाने के लिए ई-रिक्शा पर डाली पन्नी। ● अमृत विचार


बारिश से बचने के लिए रोडवेज स्टैंड रोड पर छाता लगाकर जाते लोग।

### शहर के कई इलाकों में भरा पानी

बुधवार की सुबह से दोपहर बाद तक बारिश जारी रही। बारिश में शहर की आधे इलाके से ज्यादा सड़कें जलमग्न हो गईं। जिसमें छह सड़का गांधी ग्राउंड रोड, दिनेश चौक, सुभाष चौक, आर्य समाज चौक, जोगी पुरा, लोची नगला, टिकटगंज, चौधरी सराय, कबूलपुरा आदि स्थानों पर सड़के तालाब बनी। लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।


पनबड़िया रोड पर बारिश के चलते जलभराव। ● अमृत विचार

### ज्यादा बारिश में फसलों को होगा नुकसान

शहर से लेकर देहात तक तेज बारिश होने की वजह से खेतों में पानी भर गया। जिसकी वजह से उन किसानों को लाभ हुआ जो धान रोपाई की तैयारी में लगे हैं। मक्का, मेंथा और मूंगफली की फसलों को नुकसान हो रहा है।


गांधी ग्राउंड से लावेला चौक जाने वाली सड़क पर जलभराव। ● अमृत विचार

### तीन दिनों में 77 एमएम हो चुकी है बारिश

जुलाई माह का आगाज बारिश के साथ हुआ है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार तीन दिनों में 77 एमएम बारिश हो चुकी है। जुलाई माह में औसत वर्षा 268 .50 मानी जाती है। तीन दिनों में एक तिहाई बारिश हो चुकी है। जिसमें सबसे अधिक बारिश बुधवार दोपहर तक 42 .25 एमएम रिकॉर्ड की गई है। दो दिनों के अंतराल में मौसम में बदलाव होने के साथ बारिश भी हो रही। वहीं दूसरी ओर जून माह में भी औसत से अधिक बारिश हुई है। जून माह में औसत बारिश 81 .30 मानी जाती है। 19 जून से 30 जून तक 125 .50 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। जो कि औसत वर्षा से 44 एमएम अधिक है। आसमान में छाए मेघ झूमकर बरसे। वर्षा का आंकड़ा 77 मिमी पर पहुंच गया है। आधी रात शुरू हुई बारिश दिन में भी रुक रुक होती रही। सीजन की पहली वर्षा ने सफाई व्यवस्था की भी पोल खोल दी।

### दुकानदारों से बातचीत


बरसात के दौरान तोताराम मार्केट में जलभराव की समस्या हर साल रहती है। इसका आज तक स्थाई समाधान नहीं किया गया है।
**-संजीव अरोरा**, दुकानदार


नालों की सफाई के नाम पर हर साल खाना पूर्ति की जाती है। इस बार भी की गई है। शहर की सड़कों पर जलभराव से परेशानी हो रही है। **-दीपक वर्मा**, दुकानदार


बरसात के दौरान सड़क पर दो से तीन फुट पानी जमा हो गया है। जिसमें से निकलकर आना पड़ता है। ऐसा होने से व्यापार पर असर पड़ा है।
**-आकाश साहू**, दुकानदार


शहर के नालों की तली झाड़ सफाई नहीं हुई। सफाई का काम भी बरसात शुरू होने से कुछ दिन पूर्व ही शुरू हो सका। जलभराव से दिक्कतें हो रही हैं।
**-रवेंद्र सिंह**, दुकानदार

### बरसात में तीन घंटे गुल रही बिजली

बिल्सी, अमृत विचार : उझानी स्थित 132 केवी पावर स्टेशन से बिल्सी नगर क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र को आ रही मुख्य लाइन पेड़ों के निकट से गुजर रही है। जिसकी वजह से मामूली हवा और बरसात होने पर लाइन में फाल्ट हो जाते है। बुधवार की सुबह साढ़े पांच बजे तेज बरसात शुरू हुई तो आपूर्ति को बंद कर दिया गया। बरसात करीब तीन घंटे तक रुक-रुक कर होती रही। इस दौरान नगर क्षेत्र की बिजली ठप रही।

# एसओ वेदपाल सिंह के खिलाफ सवर्ण समाज के लोगों में आक्रोश


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सवर्ण समाज के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार:** फैजगंज बेहटा के एसओ वेदपाल सिंह के वायरल ऑडियो को लेकर ब्राह्मण व सवर्ण समाज में आक्रोश है। बुधवार को ब्राह्मण व अन्य सर्वण समाज के लोगों ने बिल्सी एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह पर कार्रवाई करने और निलंबित करने की मांग की है। इस मौके पर अनिल शर्मा एडवोकेट, वरुण शंखधार, मनोज गौड़, विवेक शर्मा, तारा सिंह, रविंद्र शर्मा, राजीव ओझा, शिखर उपाध्याय, मृदुल शर्मा राजा ठाकुर, आदि मौजूद रहे।

# थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग

**बिसौली, अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा के थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह के वायरल हुए ऑडियो का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। परशुराम युवा मंच के जिलाध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय और प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई न होने पर धरना दिया जाएगा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि थानाध्यक्ष को जातिवाद से दूर रहकर काम करना चाहिए। बताया कि मंगलवार को थानाध्यक्ष के पक्ष में तहसीलदार को ज्ञापन देने वालों में एक व्यक्ति का थानाध्यक्ष के नाम पर रुपये मांगने का ऑडियो वायरल हुआ था। उसके खिलाफ थाने पर तहरीर भी आई थी। थानाध्यक्ष ने कार्रवाई नहीं की थी। जल्द ही ब्राह्मण समाज के लोग एसएसपी को ज्ञापन देंगे। 24 घंटों में कार्रवाई न होने पर आमरण अनशन पर बैठेंगे।




# बिजली गुल, पेयजल के लिए संकट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **बारिश के चलते मोहल्लों से लेकर जिला अस्पताल तक की बिजली रही गुल**

**अमृत विचार:** बारिश के साथ साथ विद्युत सप्लाई भी लोगों का सिरदर्द बन गई है। बुधवार को करीब दस घंटे तक विद्युत सप्लाई बाधित करने की वजह से लोगों को दिक्कत उठानी पड़ी। पूरे शहर सहित जिला अस्पताल की बिजली गुल रही। बिजली बंद रहने की वजह से जहां घरों में कामकाज प्रभावित हो गया। वहीं कई मोहल्लों में पेयजल की समस्या से उत्पन्न हो गई।

अंडरग्राउंड केबल में करंट आने की वजह से बरसात के दौरान पूरे शहर की विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती है। बुधवार को भी ऐसा ही हुआ। सुबह पांच बजे जैसे ही बरसात शुरू हुई वैसे ही विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई। घरों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई। करीब दस बजे बिजली सप्लाई शुरू हुई कि दातागंज रोड पर 33 केवीए लाइन पर पेड़ टूटकर गिर जाने की वजह से फिर से विद्युत सप्लाई को बंद करना पड़ा। बरसात के दौरान ही विद्युत कर्मचारियों ने टूटे तार से पेड़ को हटाकर उसे जोड़ा। सुबह पांच बजे विद्युत सप्लाई बंद होने के बाद तीन बजे सुचारू हुई। विद्युत सप्लाई शुरू होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। कार्यशाला फीडर के जेई सुनील कुमार ने बताया कि सुबह के समय बरसात की वजह से विद्युत सप्लाई को बंद करना पड़ा था। विद्युत सप्लाई सुचारू होती कि विद्युत लाइन पर पेड़ टूट कर गिर गया। जिसे ठीक कराने के बाद बिजली की सप्लाई शुरू की गई है।


पोल पर टूटे तार को जोड़ता विद्युत कर्मचारी।

# आठ से होगी किसान रजिस्ट्री की शुरुआत

**बदायूं, अमृत विचार:** किसानों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए आधार की तरह किसान कार्ड बनाने की योजना चलाई गई है। जिले में आठ जुलाई से किसान रजिस्ट्री की शुरुआत की जा रही है। इसमें किसान का आधार नंबर, खेत का रकबा और खसरा नंबर की डिटेल भरी जाएगी। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक किसान नंबर जारी किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन पूरा होने पर किसान कार्ड बनाया जाएगा। यह कार्य 31 जुलाई तक कृषि विभाग को पूरा करना है।

उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि इस साल दिसंबर से पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ किसान रजिस्ट्री के माध्यम से दिया जाएगा। बताया कि जिले में अभियान की शुरुआत आठ जुलाई से की जा रही है। यह अभियान 31 जुलाई तक जारी रहेगा। अभियान के दौरान हर गांव में शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कर्मचारी गांव में पहुंचकर किसान का नाम, पिता का नाम, गाटा संख्या, आधार नंबर, मोबाइल नंबर आदि विवरण दर्ज करेंगे। किसान के हर गाटे में दो सत्र में बोई जाने वाले फसल का विवरण भी शामिल किया जाएगा।

बताया कि यह कार्य राजस्व विभाग और कृषि विभाग के कर्मचारियों के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

# ओवरटेक करते समय डिवाइडर से टकराई बस

**बदायूं, अमृत विचार :** एक रोडवेज बस को ओवरटेक करते समय दूसरी रोडवेज बस अनियंत्रित हो गई और दिल्ली राजमार्ग पर डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस ने उस बस में सवार लोगों को दूसरी बस में बैठाकर भेजा। बस को मरम्मत के लिए डिपो भेजा गया है। रोडवेज बस सवारियां लेकर बदायूं की ओर से दिल्ली जा रही थी। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आई रोडवेज बस ने उसे ओवरटेक किया। दोनों बसों में आगे निकलने की होड़ लग गई। बदायूं-दिल्ली राजमार्ग पर थाना जरीफनगर क्षेत्र में ओवरटेक कर रही बस अनियंत्रितत हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। चालक ने कुशलता से बस नियंत्रित कर ली और बड़ा हादसा टल गया। सवारियों में चीख पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे। बस से सवारियों को बाहर निकाला और दूसरी बस में बैठाया।










# बारिश से मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे पर ओरछी चौराहा बना तालाब

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार:** लगातार बारिश की वजह से हर तरफ जलभराव की समस्या बन गई है। औरछी चौराहे पर जलभराव से राहगीर के साथ आसपास के दुकानदार परेशान है। बुधवार को दुकानदारों ने बरसात के पानी से चौराहे पर बने तालाब में खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री से जलभराव दूर करने की मांग की।

ओरछी चौराहे से इस्लामनगर मार्ग पर नाला न होने की वजह से बरसात में रोड पर पानी भर जाता है। जिससे स्कूल जाने वालों छात्र-छात्राओं को काफी दिक्कतें होती हैं। साथ ही आसपास के दुकानदार भी परेशान रहते हैं। दुकानदारों ने अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग को समस्या बताते हुए ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। साथ ही पानी में खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन करने वालों में आरिफ, रिजवान, समीर, राजू कुमार सहित कई लोग शामिल रहे।


औरछी चौराहे पर भरे पानी में खड़े होकर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

# प्रोजेक्ट अलंकार से छह स्कूलों की सुधरेगी सूरत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **253.30 लाख रुपये से होगा विद्यालयों का कायाकल्प**
- **डीएम ने जल्द कार्य शुरू कराने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत जिले के छह स्कूलों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से 253.30 लाख रुपए आवंटित किए हैं। शासन से धनराशि अवमुक्त होने के बाद डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर जल्द कार्य शुरू कराने के आदेश दिए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार ने डीएम को बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत नगर पालिका इंटर कॉलेज सहसवान, एनए इंटर कॉलेज बिल्सी, प्रमोद इंटर कॉलेज सहसवान, मुन्ना लाल इंटर कॉलेज वजीरगंज, राधेलाल इंटर कॉलेज कछला और त्रिवेणी सहाय इंटर कॉलेज आसफपुर का नाम भेजा गया था। इन विद्यालय में स्वीकृत की गई धनराशि से मरम्मत, पुनर्निर्माण, निर्माण एवं अवस्थापना जैसे कार्य कराए जाने हैं। इन स्कूलों का चयन तहसील स्तरीय टास्क फोर्स के द्वारा निरीक्षण करने के उपरांत किया गया। जिस पर डीएम ने अधिकारियों को विद्यालयों में जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के आदेश दिए।


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम मनोज कुमार। ● अमृत विचार

### इन स्कूलों के लिए बजट जारी, शुरू होगा काम

डीआईओएस ने डीएम को बताया कि योजना के तहत पन्ना लाल नगर पालिका इंटर कॉलेज सहसवान हेतु 39 .78 लाख रुपए, एनए इंटर कॉलेज बिल्सी हेतु 32 .26 लाख रुपए, प्रमोद इण्टर कॉलेज सहसवान हेतु 13 .07 लाख रुपए, मुन्ना लाल इंटर कॉलेज वजीरगंज हेतु 29 .39 लाख रुपए, राधेलाल इंटर कॉलेज कछला हेतु 14 .60 लाख रुपए एवं त्रिवेणी सहाय इंटर कॉलेज आसफपुर हेतु 124 .20 लाख रुपए शासन से आवंटित किए गए हैं। इनमें जल्द कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

## प्रेरणा एप पर ड्रेस में बच्चों की फोटो अपलोड करेंगे शिक्षक

**बदायूं।** शिक्षक बच्चों के ड्रेस में फोटो प्रेरणा एप पर अपलोड करेंगे। इस तरह के आदेश बेसिक शिक्षा सचिव ने दिए हैं। जिले में 2155 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इनमें करीब 3 .16 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। इन बच्चों को ड्रेस, जूता मोजा, स्वेटर स्कूल बैग आदि की खरीदने के लिए शासन की ओर से डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खातों में 12 सौ रुपये भेजे जाते हैं। एक जुलाई से स्कूल खुलने पर यह धनराशि खातों में आनी शुरु हो गई है। विभागीय कर्मचारियों के अनुसार अब तक करीब एक लाख बच्चों के माता पिता के खातों धनराशि आ चुकी है। बेसिक शिक्षा सचिव ने बीएसए को आदेश दिए हैं कि बच्चों की फुल ड्रेस के साथ फोटो प्रेरणा एप पर अपलोड करें। जिन बच्चों ने स्कूल ड्रेस व अन्य सामग्री नहीं खरीदी है। उनके अभिभावकों को प्रेरित करें। इसके लिए अभियान चलाया जाए। जिससे सभी बच्चे स्कूल ड्रेस खरीद सकें। इस संबंध में नवागत बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शासन का आदेश प्राप्त हुआ है। शिक्षकों को आदेश जारी किए जा रहे हैं। कि वह अभियान चलाकर बच्चों के माता पिता स्कूल ड्रेस व अन्य सामग्री खरीदने के लिए प्रेरित करें।

## स्मार्टफोन मिलने पर खुश हुए विद्यार्थी




**बदायूं।** आसिम सिद्दीकी मेमोरियल (पी.जी.) डिग्री कॉलेज में बुधवार को स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्नातक व परास्नातक के छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन का कॉलेज मैनेजमेंट के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कॉलेज के मैनेजर जोहेब अली सय्यद, निदेशक जोया अली सय्यद, मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य रोमान हाशमी, प्राचार्य डॉ. नजीबुल हसन खान व अन्य मौजूद रहे।

# 12 साल से मंडी का इंतजार कर रहे व्यापारी और किसान

## सपा सरकार के समय मंडी बनाने के लिए इस्लामनगर क्षेत्र में खरीदी गई थी 200 बीघा जमीन

संवाददाता, नूरपुर पिनौनी

**अमृत विचार:** एक दशक से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी मंडी का संचालन शुरू नहीं हो सका है। किसानों को अपनी फसल बिक्री करने के लिए दूसरी मंडियों तक दौड़ लगानी पड़ती है। मंडी को शुरू कराने के लिए क्षेत्र के व्यापारियों ने डीएम के साथ लखनऊ पहुंचकर मंडी निदेशक और व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा।

- मंडी समिति की चारदीवारी और मुख्य गेट बनाकर सीमित रह निर्माण कार्य

सपा शासन काल में वर्ष 2012 में गांव स्थित लगभग दौ सौ बीघा जमीन पर उप मंडी की स्थापना की गई थी। चाहरदीवारी के साथ गेट बनाकर तैयार कर दिए गए थे। परंतु कुछ व्यापारियों के विरोध की वजह से मंडी का संचालन शुरू नहीं हो सका। तब से लेकर मंडी को लेकर प्रशासन की ओर से कोई कवायद शुरू नहीं हो सकी। जिसकी वजह से किसानों को अपनी उपज की बिक्री करने के लिए दूसरी मंडियों की ओर रुख करना पड़ता है। कुछ दिन पूर्व क्षेत्र के व्यापारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर मंडी का संचालन शुरू कराने के लिए अपील की। वहीं बुधवार को लखनऊ पहुंचकर मंडी निदेशक अंजनी कुमार सिंह और उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उनके द्वारा मंडी के संचालन को लेकर मांग की गई।



मंडी निदेशक को ज्ञापन देते गांव नूरपूर पिनौनी के व्यापारी। ● अमृत विचार



गांव में बना मंडी का गेट। ● अमृत विचार



एक दशक बाद भी मंडी का संचालन शुरू नहीं हो सका है। जिसकी वजह से किसानों और दुकानदारों को दिक्कतें होती हैं। –**विकास गुप्ता**, व्यापारी



मंडी का संचालन न होने से फसल बेचने को लगभग 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। जिसमें उन्हें बहुत परेशानियों झेलनी पड़ती हैं। –**विनोद कुमार**, व्यापारी



नूरपुर पिनौनी में स्थित मंडी बनने के लिए कई बार अधिकारियों को ज्ञापन दिया है। लेकिन आज तक मंडी का कार्य शुरू नहीं हुआ है। –**मनीष कुमार**, किसान



मंडी चालू हो जाए तो क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार व अन्य लाभ मिल सकेगा। साथ ही व्यापारियों के लिए सुविधाएं मिलेंगी। –**सोनू गुप्ता**, व्यापारी

## एटीएम से चोरी का प्रयास, असफल होने पर की तोड़फोड़

**बदायूं, अमृत विचार :** चोरों ने एटीएम में चोरी की कोशिश की। एटीएम और केबिन में लगे सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिए। मैनेजर ने पुलिस को तहरीर दी।

उझानी के पंजाबी कॉलोनी के पास इंडिया वन बैंक का एटीएम लगा है। मंगलवार रात में चोरों ने एटीएम का शटर खोला और चोरी का प्रयास किया लेकिन वह मशीन से रुपये निकालने में असफल रहे। चोरों ने एटीएम और वहां लगे सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त कर दिए। बुधवार सुबह लोग एटीएम पर गए तो मशीन क्षतिग्रस्त दिखने पर इंडिया वन बैंक के मैनेजर अरुण शर्मा को सूचना दी। मैनेजर ने बताया कि एटीएम से चोरी का प्रयास हुआ था। बैंक अधिकारियों को अवगत कराया गया है। अभी एटीएम बंद कर दिया गया है। मशीन की मरम्मत और सीसीटीवी कैमरे सही करने के बाद एटीएम शुरू कराया जाएगा। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक कर रही है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

# जानवर ने किशोर पर किया हमला, चीता का मचा शोर

- वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से की तलाश
- वन विभाग ने चीता होने से किया साफ इनकार

**उसावां, अमृत विचार :** थाना उसावां क्षेत्र के गांव नौगवां निवासी रजनेश का बेटा अतुल मंगलवार शाम खेत पर फसल देखने गया था। रास्ते में किसी जानवर ने झपट्टा मार दिया। पंजे लगने से अतुल घायल हो गया। वह चिल्लाया तो खेतों में काम कर रहे किसान शोर करते हुए दौड़कर पहुंचे। किसानों का शोर सुनकर जानवर झाड़ियों की ओर भाग गया।

किशोर ने जानवर को चीता बताया तो ग्रामीण दशहत में आ गए। वन विभाग और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। वन विभाग और पुलिस की टीम गांव पहुंची। जंगल में जानवर की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। बारिश की वजह से जानवर के पगचिन्ह्र नहीं मिले। मौके पर गए डिप्टी सतीश चंद्र ने बताया कि आसपास जंगल नहीं है। चीता नहीं हो सकता। जानवर की स्पष्ट जानकारी होने तक ग्रामीणों को सतर्क रहने को बोला गया है।

> किसी ने चीता के हमला करने की सूचना दी थी। टीम को मौके पर भेजा गया था। कोई और जानवर होगा। चीता नहीं हो सकता। बारिश की वजह से जानवर के पगचिह्न भी नहीं मिले हैं। टीम लगातार निगरानी बनाए है। – **अनुभव सक्सेना**, दातागंज रेंजर

## कंट्रोल रूम पर दें सत्संग में गए परिजनों की जानकारी

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने ने बताया कि हाथरस में सत्संग में भगदड़ से कई लोगों की मौत हो गई। काफी संख्या में लोग घायल हुए हैं। उन्होंने आह्वान किया कि अगर किसी के परिजन या पड़ोसी सत्संग में गए हों और लापता हो गए हों तो इसकी सूचना कंट्रोल रूम के नंबर 05832-266054 और मोबाइल नंबर 7505389289 पर दे सकते हैं।

## आज से होंगी पुलिस की तीन दिवसीय प्रतियोगिताएं

**बदायूं।** पुलिस विभाग की 27वीं अंतरजनपदीय कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग, आर्म रेसलिंग प्रतियोगिताएं 4 जुलाई से शुरू होकर 6 जुलाई तक रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह सुबह 10 बजे करेंगे। प्रतियोगिताओं का समापन आइजी डॉ. राकेश सिंह करेंगे।

# थाने पर समस्या का करें त्वरित निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार को थाना वजीरगंज का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय की स्थिति देखी। पुलिसकर्मियों से थाने पर आने वाले आगंतुकों से मधुर व्यवहार करने और उनकी समस्या का त्वरित निस्तारण करने को कहा।



पुलिसकर्मियों से पूछताछ करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

- बुधवार को एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने वजीरगंज थाने का किया निरीक्षण

बुधवार दोपहर एसएसपी थाना वजीरगंज पहुंचे। उन्होंने परिसर का भ्रमण किया। थाना कार्यालय, हवालात, मालगृह, बैरक आदि का निरीक्षण करके साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा। सीसीटीएनएस पर तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर से आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों की जानकारी की। कहा कि थाने पर आने वाले लोगों को बेवजह इंतजार न कराया जाए। उनकी समस्या सुनकर त्वरित निस्तारण कराएं। एसएसपी ने महिला हेल्प डेस्क अभिलेख, महिला बीट अभिलेख, अपराध रजिस्टर व जीडी को चेक की। महिला डेस्क पर कहा कि पीड़ितों का पूरा ब्यौरा होना चाहिए। उनकी समस्या का निस्तारण होने के बाद भी उसका कंप्यूटर में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए। अभिलेखों का रखरखाव बेहतर हो। बीट ड्यूटी के दौरान बाजार, सर्राफा दुकान, चौराहों, गली, नुक्कड़ों आदि पर सतर्क रहने और बैंक व एटीएम चेकिंग, ढाबे, होटल, बस स्टैंड, पेट्रोल पंप पर सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया। संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग और गश्त बढ़ाएं। लोगों से अच्छा व्यवहार करें।

# फेरी वाले की गला दबाकर हत्या मामले की फिर शुरू की गई जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 5 सितंबर 2022 को दिल्ली से निकला था युवक, राजमार्ग किनारे मिला था शव

**अमृत विचार :** दिल्ली से अपने घर शाहजहांपुर जा रहे कपड़ों की फेरी करने वाले युवक का शव राजमार्ग किनारे पेट्रोल पंप के पास मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार गला दबाकर उसकी हत्या की गई थी। पुलिस और एसओजी ने जांच की लेकिन घटना का खुलासा नहीं हो सका। जिसके चलते पुलिस ने मामला बंद कर दिया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दोबारा से जांच शुरू की है।

शाहजहांपुर जिले के थाना कांठ क्षेत्र के गांव भनठेरी निवासी अली शेर दिल्ली रहकर फेरी लगाकर कपड़े बेचते थे। पांच सितंबर 2022 को वह अपने दिल्ली से शाहजहांपुर के लिए अपनी मोपेड से निकले थे लेकिन घर नहीं पहुंचे। छह सितंबर को उनका शव बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में बालाजी मंदिर के पास पेट्रोल पंप के पास पड़ा मिला था। अलीशेर की मोपेड, एक गठरी में कपड़े और जेब से 8800 रुपये मिले थे। पुलिस ने उनकी जेब की तलाशी ली। जेब में मिले सामान से पुष्टि करके उनके परिजनों को सूचना दी।

अली शेर के बेटे यामीन ने बताया कि उसके पिता जब दिल्ली से आ रहे थे उसने फोन पर बात की थी। उस दौरान पिता ने अपने गुन्नौर में होने की जानकारी दी थी। इसके बाद उनका मोबाइल फोन बंद हो गया था। उसने अपने पिता की हत्या करने का आरोप लगाया। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। तत्कालीन एसएसपी डॉ. ओपी सिंह के निर्देश पर पुलिस के अलावा एसओजी ने भी जांच शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। जिसके चलते पुलिस ने मामला बंद कर दिया था लेकिन कुछ दिन पहले निवर्तमान एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने दोबारा जांच का आदेश दिया। पुलिस ने मामले की जांच दोबारा शुरू कर दी है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि जांच दोबारा शुरू की गई है। कोशिश रहेगी कि जल्द खुलासा हो जाए।

## विद्युत लाइन में फाल्ट से 104 गांवों में अंधेरा

**विजय नगला, अमृत विचार:** बिनावर विद्युत उपकेंद्र से जा रही 33 केबीए लाइन में फाल्ट होने से 104 गांव की बिजली सप्लाई बंद हैं। ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बुधवार सुबह करीब 7:00 बजे से बंद हुई विद्युत सप्लाई देर शाम तक शुरू नहीं हो सकी। बिजली न आने की वजह से उपभोक्ताओं को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इन्वर्टर तक बोल गए हैं। लोगों के मोबाइल की बैट्री समाप्त होने पर चार्ज नहीं कर पा रहे हैं। बिजली की आपूर्ति न होने से कस्बा और समुदाय स्वास्थ्य केंद्र की सभी व्यवस्था चौपट है। थाने पर जाने वाले फरियादों की एफआईआर ऑनलाइन दर्ज नहीं हो पा रही हैं। अवर अभियंता सतीश सिंह ने बताया बरसात के कारण मेन लाइन में फाल्ट हो गया था। जिसे ढूंढने में समय लगा है। मलगांव पर फाल्ट मिला। जिसे सही कराया जा रहा है। जल्द बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# कुत्ते को डंडा मारकर तोड़ दी कमर, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बीएनएस के अंतर्गत जिले में पशु क्रूरता की पहली रिपोर्ट हुई दर्ज

**अमृत विचार :** भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू होने के बाद जिले में पशु क्रूरता की पहली रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कुत्ते को डंडा मारकर उसकी कमर की हड्डी तोड़ दी। पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के जिला अध्यक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कल्याण नगर निवासी पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने थाना मूसाझाग के प्रभारी को तहरीर दी कि गांव नगला निवासी शमसुल हसन पुत्र जहूर हसन ने उसके घर के सामने से गुजर रहे कुत्ते पर डंडे से तेज प्रहार किया जिससे कुत्ते की कमर की हड्डी टूट गई।

उनकी टीम के सदस्य मोहित यादव, दीपेश दिवाकर, यश दिवाकर, वीरेश यादव और शिवम पटेल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से जानकारी ली। टीम ने शमसुल हसन के घर के पास वाजिद के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज देखी जिसमें शमसुल हसन कुत्ते को डंडा मारता नजर आया था। सीसीटीसी की फुटेज पुलिस को भी दिखाई। पुलिस ने आरोपी शमसुल हसन के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम और पशु को अपंग करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पशु प्रेमी कुत्ते का इलाज करा रहे हैं।



नवागत बीएसए वीरेंद्र कुमार से शिष्टाचार भेंट करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने नवागत बीएसए से की शिष्टाचार भेंट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** नवागत बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह से उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। बुके देकर उनका स्वागत किया।

शिष्टाचार भेंट के दौरान शिक्षकों ने नवागत बीएसए से शिक्षकों की समस्याओं पर ध्यानाकर्षित करते हुए शीघ्र समाधान के लिए मांग की। साथ ही भीषण बारिश होने पर अवकाश की मांग की। जिलाध्यक्ष प्रेमानंद शर्मा, राजन यादव, जुबैर अहमद, राकेश यादव, प्रभाकर सक्सेना, पूर्णिमा आदि मौजूद रहे।

# बाइक से घर लौट रहे इस्लामनगर थाने के होमगार्ड की हार्टअटैक से मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर में तैनात होमगार्ड की बाइक चलाते समय हार्टअटैक से मौत हो गई। परिवार में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।



मृतक विजय कुमार भारद्वाज।

इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव मुहब्बे अलीपुर चिचेटा निवासी विजय कुमार भारद्वाज (45) पुत्र रामनिवास भारद्वाज होमगार्ड थे। थाना इस्लामनगर में उनकी तैनाती चल रही थी। मंगलवार को ड्यूटी खत्म होने पर वह बाइक से अपने घर जा रहे थे। चिचेटा चौराहे के पास उनके सीने में तेज दर्द उठा। उन्होंने बाइक रोकी और सड़क किनारे जा बैठे। फोन करके अपने परिजनों को सूचना दी। इस दौरान उनकी हालत ज्यादा खराब हो गई और वह बेसुध हो गए। परिजन मौके पर पहुंचे और विजय कुमार को अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराके परिजनों को सौंप दिया।



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक होमगार्ड के परिजन। ● अमृत विचार

- मंगलवार को ड्यूटी करने के बाद थाने से लौट रहा था होमगार्ड, रास्ते में हुआ दर्द

खबरें पेज 7 पर भी

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

**आज का मौसम**

आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

35° अधिकतम तापमान | 27° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.23 | सूर्यास्त 07.15

**शहर में आज**

- कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड अमांपुर परिसर में खरीफ मेला सुबह 10 बजे से।
- जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ऑपरेशन जागृति अभियान फेस-2 पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों के लिए जागरूकता अभियान शहर के अमांपुर रोड पर सुबह 11 बजे से।
- श्रीराम कथा का वाचन करवा अमांपुर के प्रवीन शीतला माता मंदिर पर दोपर तीन बजे से।

# तेज तो कभी धीमी गति से होती रही बारिश, जलभराव

## मौसम हुआ सुहाना, गर्मी से राहत, जनजीवन अस्त-व्यस्त, बाजारों में पसरा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार**: बुधवार को सुबह से तेज गति से शुरू हुई बारिश दिन भर कभी धीमी तो कभी तेज गति से रुक रुक होती रही। दिन भर हुई बारिश से मौसम सुहाना हुआ। गर्मी से राहत मिली, लेकिन आमजन-जीवन अस्तव्यस्त हो गया। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। निचली बस्तियों में रह रहे लोग जलभराव से परेशान हुए।

बीते कई दिनों से निरंतर बारिश हो रही है। बुधवार को सुबह से ही बादल छाए हुए थे। लगभग सुबह छह बजे काली घटाएं घिर आयी और अंधेरा छा गया। ठंडी हवाएं चलने लगी। देखते ही देखते बूंदाबांदी के साथ बारिश शुरू हुई तो लगभग डेढ़ घंटे तक मेघ झमाझम बरसे। सुबह से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला दिन भर नहीं रुका। कभी तेज, कभी धीमी तो कभी रिमझिम बारिश होती रही।

दिन भर हुई बारिश से मौसम में बड़ा परिवर्तन दिखाई दिया। गर्मी और उमस से राहत महसूस की गई। बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से खरीददार शहर और कस्बों के बाजारों में नहीं पहुंचे। बाजारों में सन्नाटा रहा। निचली बस्तियों में जलभराव हो जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई बस्तियों में तो बारिश का पानी घरों में घुस गया। जलभराव से परेशान लोग पालिका को कोसते नजर आए।

**खेतों में भरा पानी, सड़ रही सब्जियां**: सब्जी के खेतों में निरंतर हो रही बारिश का पानी भर जाने से सब्जी की निकासी नहीं हो पा रही है। परिणाम स्वरूप खेतों में सब्जियां गलने लगी है। किसानों को आर्थिक क्षति हो रही है। इसका प्रभाव उपभोक्ताओं पर भी पड़ रहा है। मंडी में मांग के सापेक्ष सब्जियों की उपलब्धता न इनकी कीमतों में काफी बढ़ गई है।



शहर के सबसे व्यस्त बाजार में बारिश के चलते सड़कें सूनी पड़ी हैं। ● अमृत विचार

### धान की फसल के लिए वरदान बन रही बारिश

इन दिनों खेतों में धान की फसल है। इन दिनों धान की फसल के लिए पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है और किसान धान की फसल में निजी श्रोतों से पानी लगाते हैं, लेकिन इस बार समय से आए मानसून ने किसानों की समस्या का समाधान कर दिया है। बारिश धान की फसल के लिए वरदान बनी है। किसाना राजेंद्र का कहना था कि अब तक धान की फसल में कई पानी लगाने पड़ते हैं, लेकिन समय से मानसून आ जाने से तीन बार का पानी नहीं लगाना पड़ेगा।



बारिश में छाता लगाकर स्कूल से अपने घर जाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# बाढ़ की आशंका से सतर्क हुआ सिंचाई विभाग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार**: बाढ़ की आशंका बढ़ती ही जा रही है। पहाड़ों के साथ ही मैदानी क्षेत्र में भी बारिश बढ़ रही है, जिससे हर साल की तरह इस साल भी गंगा नदी में बाढ़ आने की स्थिति जल्द बन सकती है। ऐसे में सिंचाई विभाग की टीमें अभी से बाढ़ निरोधक कार्यों में जुट गई हैं और कार्य में तेजी लाई गई है। बांधों को मजबूत बनाया जा रहा है।

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता संजय शर्मा के नेतृत्व में टीम गंगा नदी किनारे जगह बांधों को मजबूत कर रही है। महमूदपुर पुख्ता पर तेजी के साथ मजबूत बांध बनाने का कार्य चल रहा है और यहां मजदूर लगे हुए हैं। हालांकि, अभी बाढ़ नहीं आई है और न ही फिलहाल बाढ़ का खतरा है, लेकिन आगामी समय में इसी तरह से यदि पहाड़ों और मैदानी क्षेत्रों में बारिश होती रही तो निश्चित ही गंगा नदी उफान पर आ जाएगी और हर साल की तरह इस साल भी तराई में तबाही मचाने को आतुर देखेगी, क्योंकि बाढ़ रोकने में पिछले 14 साल से अब तक सिंचाई विभाग कामयाब नहीं हो चुका है।

**पहले से ही कमजोर दिखाई दे रहे कार्य**: बाढ़ और कटान रोकने के लिए जो कार्य इस साल काफी समय पहले ही शुरू कर दिए गए थे। वह कमजोर दिखाई दे रहे हैं। गांव बरौना और उसके आसपास जो कार्य कराए गए हैं वहां बारिश से मिट्टी कटने लगी है। इस पर बीते दिनों समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने आपत्ति भी जताई थी। हालांकि, जिला प्रशासन ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बाढ़ और कटान रोकने के लिए कराए जा रहे कार्य मजबूती के साथ कराए जाएं।



महमूदपुर पुख्ता पर काम करते मजदूर। ● अमृत विचार

- जगह-जगह कराए जा रहे हैं बाढ़ रोकने के लिए कार्य
- मिट्टी को काटकर गांव में न घुसे पानी, इसलिए बनाए जा रहे बांध

बाढ़ एवं कटान रोकने के लिए अभी से बांध मजबूत कराए जा रहे हैं। जहां भी ऐसा खतरा दिख रहा है कि वहां से बाढ़ का पानी गांव की ओर बढ़ सकता है। वहां कार्य तेजी के साथ चल रहा है। बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तैयारी चल रही है। **- संजय शर्मा**, सहायक अभियंता सिंचाई

### आंकड़ों की नजर से

- 10515 क्यूसेक पानी हरिद्वार बैराज से छोड़ा गया
- 10503 क्यूसेक पानी बिजनौर बैराज से छोड़ा गया
- 4147 क्यूसेक पानी नरोरा बैराज से छोड़ा गया
- 159.57 मीटर गेज है बदायूं की ओर पानी
- कासगंज की ओर अभी नहीं बढ़ रहा है मीटर गेज

**एक नजर**

### मत्स्य विभाग की योजना के लिए करें आवेदन

**कासगंज।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने बताया कि मत्स्य विभाग द्वारा संचालित निषादराज बोट सब्सिडी योजनांतर्गत लाभ से जन सामान्य को आच्छादित करने के लिए विभागीय पोर्टल पर आवेदन 21 जुलाई तक किये जा सकेंगे। परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण एवं विज्ञापन विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। इसके अलावा आवेदन में किसी भी प्रकार की समस्या आती है, तो कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण, कासगंज कमरा नंबर-52 विकास भवन में संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### 14 को भोले बाबा का जन्म दिन, चल रही थी तैयारी

**कासगंज**: 14 जुलाई को भोले बाबा उर्फ सूरजपाल सिंह का जन्मदिन मनाया जाता है। हर वर्ष वे अपने जन्मदिन पर पटियाली के गांव बहादुर नगर स्थित आश्रम पर पहुंचते हैं। यहां लाखों की संख्या में अनुयायी पहुंचते हैं। इस बार भी तैयारी चल रही थी, लेकिन हाथरस कांड के बाद तैयारी धरी रह गई है और यहां सन्नाटा पसर गया है।

# कानों की सेहत पर भारी पड़ रहे हेडफोन और ईयर फोन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार**: ईयरफोन, हेडफोन व ईयर बड्स के उपयोग से सुनने की क्षमता प्रभावित हो रही है। इससे बहरापन बढ़ रहा है। तेज आवाज सीधे कानों के भीतर जाकर नसों को नुकसान पहुंचा रही है। कई रोगियों में टिन्निटस की समस्याएं भी देखने को मिली हैं। इसमें कानों में लगातार या रह-रह कर गूंजने की आवाज, सीटियां बजने की आवाज, भिनभिनाने या फुफकारने की आवाज सुनाई देती हैं।

इससे सिर दर्द, माइग्रेन की समस्या तो बढ़ ही रही है। चक्कर आने से परेशान रोगियों की समस्याएं ज्यादा बढ़ जा रही हैं। बड़ी संख्या में रोगी नाक-कान-गला विशेषज्ञों व न्यूरोलाजिस्टों के पास पहुंच रहे हैं। पूछताछ में पता चला कि उनमें से ज्यादातर ईयरफोन, ईयरबड्स या हेडफोन का उपयोग लंबे समय से कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार कान के अंदर एक पर्दा होता है जिसे ईयर ड्रम कहते हैं। इसमें तमाम नसें और अंग होते हैं, जो दिमाग से जुड़े होते हैं। ईयरफोन या हेडफोन की तेज आवाज ईयर ड्रम को क्षति पहुंचा देता है। यह तंत्रिका तंत्र को भी नुकसान पहुंचा देती है। सीएमएस डॉ. संजीव सक्सेना का कहना है कि ईयरफोन और हेडफोन के प्रयोग से बचना चाहिए। कानों की सेहत उनसे खराब हो रही है। बहरेपन की समस्या बढ़ रही है और नसों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। लोगों को जागरूक होना चाहिए।

### कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए पांच अगस्त तक करें आवेदन

**कासगंज।** पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी हेमेंद्र स्वरूप ने बताया कि पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए योजनांतर्गत पात्रता के अनुसार एक लाख वार्षिक आय सीमा में आने वाले अभ्यर्थियों को ओ-लेवल, सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण अनुमन्य होगा। शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट तथा आयु अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। अभ्यर्थी किसी भी शिक्षण संस्थान से छात्रवृत्ति न ले रहा हो। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जनसेवा केंद्र या स्वयं पांच अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र की प्रति एवं सभी शैक्षिक व अन्य अभिलेखों के साथ हार्ड कॉपी को कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी में जमा कर दें।

# बच्चों की सुरक्षा को स्कूल वाहनों की चेकिंग, दो सीज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार**: जिले में छोटे-बडे. वाहन बिना फिटनेस के दौड़ रहे हैं। ज्यादातर वाहन चालक सुरक्षा प्रणाली से अनभिज्ञ हैं। सीट बेल्ट, हेलमेट की जानकारी नहीं है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ बुधवार को उप सम्भागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों ने चेकिंग अभियान चलाया। सड़कों पर दौड़ रहे बिना पूर्ण दस्तावेज के 35 वाहनों के चालान काटकर दो वाहनों को सीज किया गया है।

दो स्कूली वाहनों को सीज किया गया है। इतना ही नहीं विभाग की ओर से स्कूल प्रबंधन व प्रधानाचार्यों को भी बिना पूर्ण दस्तावेज के वाहन संचालन कराए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जिले में बिना पूर्ण दस्तावेज के स्कूली वाहन सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। वह निर्धारित बच्चों से ज्यादा भरकर चल रहे हैं। बुधवार को उप सम्भागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों ने शहर के राजकोल्ड तिराहा और गोरहा एटा बाईपास रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बिना फिटनेस, बीमा के दौड़ रहे वाहनों को चेक किया। इस दौरान अपूर्ण दस्तावेज के चल रहे 35 वाहनों के चालान काटे। जिसमें पांच वाहन स्कूल के हैं।

दो स्कूली वाहनों को सीज किया गया है। करीब तीन घंटे तक चली विभाग की कार्रवाई से बचने के लिए रास्ता बदल-बदलकर जाते हुए दिखाई दिए। विभाग ने जिले के सभी स्कूल प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को भी निर्देशित किया है कि बिना फिटनेस और बीमा के वाहनों को न चलाएं। उन्होंने बिना सीट बेल्ट, फिटनेस और ओवरलोड दौड़ रहे वाहनों को भी चेक किया। दस्तावजे पूरे न होने पर चालान काटकर समन शुल्क वसूला।



स्कूली वाहनों को चेक करते उप सम्भागीय परिवहन विभाग के अधिकारी।

- स्कूलों के प्रबंधक और प्रधानाचार्यों को दिए वाहनों के दस्तावेज पूर्ण करने के आदेश
- विभाग की कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप, चेकिंग से बचते नजर आए

विभाग द्वारा रुटीन चेकिंग की जा रही है, जो वाहन बिना फिटनेस, बीमा, परमिट समाप्त होने के बावजूद भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहनों के दस्तावेज पूर्ण कर लें, अन्यथा कार्रवाई जाएगी। **- आरपी मिश्रा**, एआरटीओ।

# शोकसभा में अधिवक्ताओं और व्यापारियों ने दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार** : जिला हाथरस के कोतवाली सिकंद्राराऊ के गांव रतभानपुर में प्रवचन के दौरान मची भगदड़ से हुई श्रद्धालुओं की मौत से हर कोई दुखी है। व्यापारियों एवं अधिवक्ताओं ने शोक सभा कर मृतकों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वरी से कामना की। शोक सभा के दौरान अधिवक्ताओं ने न्यायालय में कार्य नहीं किया। सोशल मीडिया पर शोक संदेश वायरल होते रहे।

रतभानपुर में मंगलवार को भोले के का समागम था। लाखों की संख्या में अनुयाई सत्संग में पहुंचे थे। सत्संग समाप्त होने के बाद मची भगदड़ में 130 अनुयाइयों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। हृदयविदारक घटना पर हर कोई दुख व्यक्त करता नजर आया। घटना के बाद से ही सोशल मीडिया पर मृतकों के लिए श्रद्धांजलि और घायलों के संवेदना और स्वास्थ्य लाभ की कामना के मैसेज वायरल होते रहे। कस्बा अमांपुर में व्यापार मंडल के तत्वावधान में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें सिकंदराराऊ क्षेत्र के रतिभानपुर में सत्संग के समापन के दौरान मची भगदड़ में मृतकों की दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए शोकसभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। घायल श्रद्धालुओं के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई। सरकार से घटना के दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष राकेश पाराशर, नगर अध्यक्ष विजय प्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री संजय सोलंकी, मंडल अध्यक्ष रूदप्रताप सिंह, अवधेश स्वर्णकार, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा, मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, लक्ष्मण शर्मा, सोनू गुप्ता, पंकज पाराशर, संजीव माहेश्वरी, पुष्पेंद्र राजपूत, ऋषभ गुप्ता मौजूद रहे। इसी क्रम में कासगंज बार एसोसिएशन की शोकसभा न्यायालय परिसर में हुई। हाथरस में हुई घटना पर दुख व्यक्त किया गया। अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण परमपिता परमेश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की। शोक सभा के बाद अधिवक्ता कार्य से विरत रहे। योगेश शर्मा, चूड़ामणि सिंह, चेतन चौहान, रूपकिशोर चांडक, प्रमोद कुमार पुंढीर, सौदान सिंह, केशव उपाध्याय, आलोक सोलंकी, केशव मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद सगर, राहत हुसैन, अभिषेक वर्मा, मुमताज, रिषिपाल, अजय कुमार दीक्षित, भीमसेन, विमलकांत, अनिरोध सक्सेना, अशोक कुमार, सतीश, महीपाल शाक्य, मधुर वशिष्ठ, संजीव यादव, कुमारी अनीता भारद्वाज मौजूद रहीं।



कस्बा अमांपुर की शोकसभा में मौजूद व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार



कासगंज में शोकसभा में अधिवक्ताओं ने जताई संवेदना। ● अमृत विचार

- घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से की कामना
- सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे शोक संदेश

### तीर्थनगरी के विकास को भेजा मांग पत्र

**सोरोंजी।** संत तुलसीदास नगर में बुधवार को विकास समिति की बैठक में तीर्थनगरी के विकास के प्रस्तावों पर चर्चा कर मांग पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा गया। समिति अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर पाराशरी ने कहा कि पुनीत स्थली गंगातीर्थ, महाकवि संत तुलसीदास जी की जन्मस्थली के रूप में ख्याति प्राप्त तीर्थ स्थल विकास के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है। उद्योग विहीन स्थल होने के कारण यहां बेरोजगारी चरम पर है। बैठक में हर जनपद में एक विश्वविद्यालय की घोषणा के अनुरूप संत तुलसीदास विश्व विद्यालय की स्थापना की मांग सीएम से की गई। सूकर क्षेत्र तीर्थ के समग्र विकास के लिए तीर्थ विकास परिषद का गठन किए जाने की मांग की गई। साथ ही कई दशकों से स्वीकृत उपमंडी स्थल को किसान हित में शीघ्र स्थापित किया जाए। मिनी औद्योगिक अस्थान की स्थापना की जाए। बैठक में मुनींद्र कुमार चौधरी, रामकिशन शर्मा, पंकज पाराशर, राजेश गौड़ मौजूद रहे।

# पशु चिकित्सक गैर हाजिर वेतन रोकने के आदेश



जिला पशु चिकित्सालय का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी मेधा रूपम।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- डीएम को निरीक्षण में मिलीं अनियमितताएं, जताई नाराजगी
- लापरवाहों के विरुद्ध और भी सख्त कार्रवाई के दिए संकेत

**अमृत विचार**: जिले में हाल ही में कार्यभार ग्रहण करने वालीं तेजतर्रार डीएम के तेवर तल्ख दिखाई दे रहे हैं। वे निरंतर सभी विभागों का निरीक्षण कर रही हैं और जहां भी जरा सी भी लापरवाही दिखाई दे रही है तत्काल प्रभाव से कार्रवाई अमल में ला रही हैं। इसी क्रम में पशु चिकित्सक सहित कुछ चिकित्साकर्मी डीएम को निरीक्षण में गैर हाजिर मिले हैं। इन सभी को लापरवाह मानते हुए इनका वेतन रोकने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

बुधवार को जिलाधिकारी ने शहर सरकूलर रोड स्थित पशु जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। अव्यवस्थाएं मिलने पर नाराजगी जताई है। अनुपस्थित मिले छह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासकीय कार्यों में कोई भी लापरवाही एवं शिथिलता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी। जिलाधिकारी को निरीक्षण के दौरान जिला पशु चिकित्सालय कासगंज में पशु चिकित्सक पिछले 6 दिनों से अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी द्वारा इनका तत्काल प्रभाव से वेतन रोक दिया गया। पशु चिकित्सालय परिसर, पशु नसबन्दी कक्ष, रिकार्ड रूम और नमूना लेने का कमरा तथा पूरा बुनियादी ढांचा निष्क्रिय पाया गया। चिकित्सालय भवन को आवास में बदल दिया गया है। अभिलेखों को चेक करने पर पाया गया कि अंतिम बार 29 जून को पशु चिकित्सक चिकित्सालय में आए थे। चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया है। चिकित्सालय परिसर पशुओं के लिए उपयोग में नहीं लाया जा रहा है। इलाज के लिए आने वाले पशुओं को परिसर में वर्षा से बचाव की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने इस पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुये कहा कि सरकारी सम्पत्ति का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा।

यहां से आवास हटाकर तत्काल चिकित्सालय को पशुओं के उपचार हेतु उपयोग में लाया जाए। पशुओं को वर्षा से बचाव की भी व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा तत्काल उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

### बरसात में फैलने लगते हैं रोग

बरसात के मौसम में पशुओं में रोग फैलने लगते हैं। पशुओं में किसी प्रकार की बीमारी न फैले और चिकित्सा विभाग की टीम गांव-गांव तक पहुंचे। इसको लेकर भी डीएम ने सख्त निर्देश दिए हैं और हिदायत दी है कि इस कार्य में लापरवाही हुई तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी।

# ट्रेनों की तरह बसों के बारे में भी मिलेगी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बस स्टैंड पर प्रस्थान और आगमन की सूचना देगी एलईडी
- व्यवस्था को मजबूत करने में जुटे हुए हैं रोडवेज के अफसर

**अमृत विचार**: बस स्टैंड पर एलईडी लगाने व्यवस्था की जा रही है। अब ट्रेनों की तरह बसों के लोकेशन के बारे में जानकारी बस स्टैंड पर मिल सकेगा।

यह स्क्रीन बस स्टैंड पर लगाई जा रही हैं। साफ्टवेयर इंस्टालेशन के कार्य के बाद यह सिस्टम शुरू हो जाएगा। वहीं साउंड सिस्टम के माध्यम से भी बसों के संबंध में जानकारी प्रसारित होगी। आमतौर पर यात्रियों को बसों के बारे जानकारी लेने के लिए बस चालक और परिचालकों से पूछताछ करनी होती हैं। इसके लिए यात्री परेशान रहते हैं लेकिन शीघ्र ही यह समस्या समाप्त हो जाएगी। रेलवे की तरह बस स्टैंड पर भी एलईडी के माध्यम से बसों के संबंध में जानकारी डिस्पले होगी। इसके लिए बस स्टैंड पर कार्यदायी संस्था के द्वारा एलईडी लगाई जा रही है। दूसरे चरण में साफ्टवेयर इंस्टाल होगा। संचालन प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि एलईडी लग रही है। साफ्टवेयर इंस्टालेशन के बाद बसों के बारे में जानकारी डिस्प्ले होंगी। ऑटोमेटिक साउंड सिस्टम भी लगेगा, जिससे लोगों को उनके गतंव्य तक जाने वाली बसों के जानकारी पहुंचेगी।

# अच्छी पैदावार को पांच ग्राम ट्राइकोडर्मा पौधे की जड़ में लगाएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार**: धान की नर्सरी लगाते समय पांच ग्राम ट्राअकोडर्मा या फिर दो ग्राम कार्बेडाजिम प्रति लीटर की दर से पानी का घोल बनाकर पौधे क़ी जड़े में लगाए जिससे अधिक पैदावर होगी । यह जानकारी जिला कृषि विभाग के अधिकारियों ने बासमती चावल के उत्पादन के लिए दी है।

उन्होंने कहा कि जिला कृषि प्रधान है। यहां बासमती धान की फसल 17 हजार हेक्टेअर में होती है। सर्वाधिक मात्रा में होने वाली धान की फसल को लेकर कृषि विभाग के अधिकारी भी किसानों को समय समय पर सुझाव देते रहते हैं। उन्होंने कहा है कि जुलाई मे बासमती धान की उन्नत किस्मो की नर्सरी 20-25 दिन की अवस्था मे है, वे रोपाई का कार्य प्रारम्भ कर चुके है, ऐसे मे बासमती धान की रोपाई करने से पूर्व कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओ को अवश्य ध्यान मे रखे, ताकि बासमती धान का गुणवत्तायुक्त उत्पादन प्राप्त किया जा सके। बासमती धान की रोपाई हेतु 20 से 25 दिन की पौध उपयुक्त होती है, यदि बासमती धान की कम अवधि की प्रजाति यथा पूसा बासमती-1692, पूसा बासमती1509 या पूसा बासमती-1847 की रोपाई कर रहे है तो 18-22 दिन की पौध भी आसानी से लगा सकते हैं। रोपाई वाले खेत मे यदि डैचा अथवा अन्य हरी खाद की फ़सल है, तो रोपाई से पूर्व उसे अच्छी तरह से जुताई कर पलट दे, जिससे यह अच्छी तरह से सड़ जाए। यह भी ध्यान में रखा जाए कि नर्सरी प्लाट मे पौध उखाड़ते समय पानी अवश्य भरा हो, जिससे धान पौध की जड़ ना टूटे। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि रोपाई से पूर्व धान पौध क़ी जड़ों का शोधन अवश्य करें। इसके लिए पांच ग्राम ट्राइकोडर्मा या दो ग्राम कार्बेडाजिम प्रति लीटर की दर से पानी का घोल बनाकर पौध क़ी जड़ को लगाएं और उसमें लगभग एक घंटे के लिए डुबो कर रखें। इससे बकानी रोग क़ी रोकथाम में मदद मिलेगी, यदि पौध क़ी लम्बाई अधिक बढ़ गयी है तो ऊपर से 4-5 सेंटीमीटर भाग को काट दें,यह भी ध्यान में रखें कि बासमती धान की रोपाई लाइन में करें और पंक्ति से पंक्ति की दूरी 20-22 सेंटीमीटर तथा लाइन से लाइन की दूरी 15-20 सेंटीमीटर रहे। धान की रोपाई करते समय पौध की जड़ो की गहराई 2-3 सेंटीमीटर से अधिक ना हो।



- जिला कृषि अधिकारी ने बताया 18 से 22 दिन तक के पौधे से कर सकते हैं आसानी से रोपाई
- जिले में 17 हजार हेक्टेयर में होती है बासमती धान की फसल, अच्छे उत्पादन को दी सलाह

बासमती धान प्रजाति 1509 और 1692 में बिगत वर्षो में बकानी रोग का प्रकोप अधिक पाया गया है। अत: किसान भाई धान नर्सरी उखाड़ने से लेकर रोपाई तथा धान की पौध के उपचार में विशेष ध्यान दें, जिससे बकानी रोग के प्रकोप को कम किया जाए। **- अवधेश मिश्रा**, जिला कृषि अधिकारी।

# भगदड़ में छात्रा ने गंवाई जान, अंतिम संस्कार

## भोले बाबा के सत्संग में जलेसर विकास खंड के मोहनपुर गांव के राजकुमार की बेटी भी हुई हादसे का शिकार

संवाददाता, जलेसर


मृतका खुशबू

**अमृत विचार :** भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ के दौरान विकास खंड जलेसर क्षेत्र के गांव मोहनपुर की 18 वर्षीय खुशबू पुत्री राजकुमार का अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में किया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे।

ग्रामीणों ने बताया कि भोले बाबा के सत्संग में मैक्स में भरकर 30 के करीब महिलाएं गई थीं। आदर्श इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा खुशबू भी सत्संग में अपने पिता राजकुमार व मां शैलेश के साथ गई थी।

गांव की महिलाएं तो घटना होने से पहले ही निकल आई थीं, लेकिन मृतका खुशबू व पिता राजकुमार भगदड़ के दौरान फंस गए। जिसमें राजकुमार के बाएं पैर में चोटें आई हैं, वहीं छात्रा खुशबू की मौके पर ही मौत हो गई थी। अलीगढ़ में पोस्टमार्टम के बाद सुबह जब छात्रा का शव गांव में आया तो हाहाकार मच गया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी पीएस आनंद एवं ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील दिवाकर एवं सुप्रिया सिंह पहुंच गई थीं। जिन्होंने ग्रामीणों को ढांढस बधाया।

शासन द्वारा दी जाने वाली सहायता के संबंध में भी जानकारी दी। इस दौरान अचानक बारिश होने के कारण शव का अंतिम संस्कार दोपहर में हो सका। अंतिम संस्कार के दौरान ग्राम प्रधान नीरज कुमार, जलेसर के सभासद वीरेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील दिवाकर, सुप्रिया सिंह, सुधांशु भारद्वाज, जितेंद्र सिंह, विक्रम सिंह आदि सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।


किशोरी के शव पर विलाप करतीं महिलाएं, उन्हें समझाते बीडीओ। ● अमृत विचार

### अंतिम संस्कार से पूर्व ही चली गईं ग्राम पंचायत अधिकारी

**जलेसर :** भोले बाबा के सत्संग में हुई भगदड़ में मृतक छात्रा के अंतिम संस्कार के लिए शासन द्वारा निर्देशित किए जाने के बावजूद ग्राम पंचायत अधिकारी अंतिम संस्कार से पूर्व ही चलीं गईं। इसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। सनद रहे कि शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया था कि अंतिम संस्कार में ग्राम पंचायत अधिकारी मौजूद रहेंगे। खंड विकास अधिकारी की देखरेख में अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

### लाशों के ढेर पर भागकर बचाई अपनी जान

**एटा, अमृत विचार :** सिकंदराराऊ में आयोजित सत्संग में मची भगदड़ में 121 लोग काल के गाल में समा गए। एटा जिले से भी सत्संग सुनने के लिए श्रद्धालु गए थे। वहां से बचकर लौटे श्रद्धालुओं ने घटनास्थल का आंखों देखा मंजर बयां किया। बताया कि लोगों ने लाशों के ढेर के ऊपर से गुजरकर जान बचाई। मिरहची थाना क्षेत्र के रफीपुर गांव से सत्संग में गए अखिलेश, सोरन सिंह, कुलदीप आदि भगदड़ में घायल हो गए। कुलदीप ने बताया कि वह बाबा के दर्शन करने के लिए सुबह से ही निकल गए थे। सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी थी। सत्संग समाप्त होने के बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान भोले बाबा के चरणों की रज लेने एवं जल्दी निकलने की होड़ में भगदड़ मच गई। लोग एक-दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। एक के ऊपर एक लोग गिरते चले गए। बताया कि हमारे ही सामने लाशों के ढेर लग गए। आंखों के सामने अंधेरा छा गया। लाशों के ऊपर से भागकर किसी तरह जान बचाकर रोड किनारे पहुंचे। इस दौरान मौके पर प्रशासन व आयोजकों में से कोई भी बचाने वाला मौजूद नहीं था।


कुलदीप

## बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त, महिला बेहोश

**संभल, अमृत विचारः** राशन डीलर के मकान की छत पर लगे धार्मिक झंडे पर बिजली गिरने से मकान में दरारें पड़ गईं। उनकी पुत्रवधू को करंट लग गया। वहीं पड़ोस की महिला बिजली गिरने की आवाज से बेहोश हो गई। कई मकानों की बिजली के तार व बोर्ड जल गए।

यातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी नत्थूसिंह की पत्नी राशन डीलर अमरवती के मकान के ऊपर बने कमरे की छत पर भगवान खाटू श्याम का झंडा लगा हुआ था। बुधवार की सुबह बरसात के साथ झंडे पर तेज धमाके के साथ बिजली गिर गई। जिससे राशन डीलर के मकान में दरारें आ गईं और छत पर बने कमरे की दीवार का कुछ हिस्सा गिर गया। करंट दौड़ने से राशन डीलर सहित मुहल्ला के ही गोपाली, रहमिया के घर में लगी बिजली की फिटिंग में आग लग गई और बोर्ड में लगे स्विच जल गए। वहीं रसोई में खाना बना रही राशन डीलर की पुत्रवधू सोमवती पत्नी राजेश को करंट लग गया। पड़ोसी अवधेश की पत्नी सुमन बिजली गिरने की आवाज को सुनकर सुमन बेहोश हो गई।

## कांग्रेस विधि विभाग के दीपक बने प्रदेश सचिव


एडवोकेट दीपक कुमार मिश्रा का स्वागत करते साथी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** दीपक कुमार मिश्रा एडवोकेट को कांग्रेस पार्टी विधि विभाग का प्रदेश सचिव नामित किया है। जिले में आगमन पर उनका पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र पाल व अन्य साथियों ने भी स्वागत किया। विधि विभाग के जिला अध्यक्ष सूरजपाल सोलंकी एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता प्रदीप सिंह एडवोट, पूर्व शासकीय अधिवक्ता रईस अहमद एडवोकेट, पिछड़ा वर्ग के पूर्व अध्यक्ष मोरपाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### महिला के साथ छेड़खानी, केस दर्ज

एटा। नयागांव थाने में एक महिला ने दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि वह सराय अलीगंज रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास दुकान पर गई थी। यह दुकान सुखवीर निवासी उनासी थाना मेरापुर फर्रुखाबाद की है। आरोप है कि सुखवीर ने अपने साथी के साथ मिलकर पीड़िता के साथ दुकान में छेड़खानी की। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### दहेज की खातिर विवाहिता का उत्पीड़न

**जलेसर, अमृत विचार :** कोतवाली में खुशुबू निवासी अकबरपुर हवेली ने सात ससुरालीजनों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया है। पीड़िता ने बताया है कि उसकी शादी आगरा के एत्मादौला निवासी साजिद अली के साथ हुई थी। हैसियत के अनुसार पिता ने शादी में दहेज दिया था, लेकिन ससुरालीजन इससे संतुष्ट नहीं हुए और अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। पिता ने ससुरालीजनों को काफी समझाया, लेकिन वह नहीं माने। आरोप है कि एक जुलाई को ससुराल के रिंकू समेत सात ससुरालीजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की खातिर पीड़िता के साथ मारपीट तथा धमकी दी गई। मामले की जांच एसआई चन्द्रशेखर त्रिपाठी कर रहे हैं।

### कथा पंडाल में युवक को गोली मारने वाला गिरफ्तार

**आगरा, अमृत विचार :** बरहन पुलिस ने कथा पंडाल में सो रहे युवक को गोली मारने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर तमंचा भी बरामद कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में सामने पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। एसीपी एत्मादपुर सुकन्या शर्मा ने बताया कि आरोपी गुलाब सिंह पुत्र राजवीर सिंह निवासी आंवलखेड़ा को गिरफ्तार किया है। उसने बताया कि वह कथा पंडाल में तमंचा लेकर सो रहा था। अचानक गोली चल गई और राजाबाबू के लग गई। उसकी मौत हो गई। वह घबरा गया था और उसने तमंचा झाड़ियों में फेंक दिया था।

## छत और दीवार ढही महिला मलबे में दबी

- महिला को रहने के लिए पड़ोसी ने अपने घर में दी जगह

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में बारिश के दौरान महिला के कच्चे मकान की छत और दीवार भरभरा कर गिर गई। मलबे में दबकर महिला घायल हो गई। आश्रयहीन महिला को अब पड़ोसी ने अपने घर में रहने के लिए जगह दी है।

थाना क्षेत्र के गांव मतावली पट्टी जग्गू निवासी मुस्तकीम मंसूरी की करीब चार साल पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। तब से उसकी पत्नी मोमिना मेहनत मजदूरी करके दो बच्चों का पालन पोषण कर रही है। मंगलवार को दोपहर बारिश के दौरान कच्चे मकान की छत गिर गई। मलबे में दबने से मोमिना घायल हुई। निजी डॉक्टर से उपचार कराया। मंगलवार को रात मकान की दीवार भी गिर गई। ऐसे में विधवा मोमिना के सामने बच्चों के साथ रहने के लिए जगह का संकट खड़ा हो गया।

पड़ोसी राकेश सैनी ने मोमिना को अपने घर में शरण दी। बताते चलें कि मोमिना का प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम है और आवास स्वीकृत हो चुका है। आरोप है कि आवास की किस्त के लिए पैसे की मांग की जा रही है। मोमिना ने अधिकारियों से आवास की किस्त जारी कराने की मांग उठाई है।

## युवक और युवती ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग

**आगरा, अमृत विचारः** आगरा-जयपुर रेलवे ट्रैक पर गांव नागर के पास युवक और युवती के शव मिले। अछनेरा और जगदीशपुरा की पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह लगभग नौ बजे खेतों में काम कर रहे किसानों ने देखा कि, जयपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रेन के सामने, युवक और युवती दोनों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर छलांग लगा दी और मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। दोनों मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक युवक की उम्र लगभग 24 साल और युवती की उम्र लगभग 20 साल बताई जा रही है। स्थानीय निवासियों की मदद से, पुलिस उनकी पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## मृतकों और घायलों के परिजनों से मिलकर बसपा के पदाधिकारियों ने दी सांत्वना

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** हाथरस के सिकंदराराऊ में भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ के दौरान सैकड़ों लोगों की मौत हो गई। बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। बुधवार को बसपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मृतकों और घायलों के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। साथ ही घटनास्थल का जायजा भी लिया।

प्रतिनिधिमंडल में मंडल कोआर्डिनेटर सूरज सिंह, मंडल कोआर्डिनेटर (अलीगढ़) सुरेश गौतम, विजेंद्र विक्रम सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा अलीगढ़ रतनदीप सिंह, जनपद एटा के पूर्व जिलाध्यक्ष काली चरन पुष्कर, रविंद्र बौद्ध फगोई, जिलाध्यक्ष बसपा बनी सिंह जाटव, पूर्व शहर अध्यक्ष छत्रपाल सिंह, प्रधानाचार्य राजू राम रतन आदि थे। वह लोग एटा के मुमियांखेड़ा गांव में मृतका चंद्रप्रभा पत्नी रामदास की अंत्येष्टि में शामिल हुए। इस दौरान जिलाध्यक्ष बसपा एटा बलबीर सिंह भास्कर, पूर्व मंडल प्रभारी कालीचरण पुष्कर, अवधेश राव, रमेश जाटव, सुखवीर सिंह, हरविंदर सिंह, उमेश बाबू, विक्रम सागर, राजू राम रतन मौजूद रहे। बसपा प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से घटना की उच्च स्तरीय जांच व मृतक परिवार को अधिक से अधिक मुआवजा, घायलों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सुविधा, दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी सजा की मांग के साथ भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए नियम बनाने की मांग की।


मृतका की अन्त्येष्टि के समय मौजूद बसपा प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोग।

## गवाही पर आए सिपाही को दी जान से मारने की धमकी

**आगरा।** पूर्व में आगरा में तैनात सिपाही का कानपुर तबादला हो गया लेकिन एक केस में वादी होने के कारण वह गवाही देने के लिए आगरा आया तो कोर्ट परिसर में गौकस ने उसे जान से मारने की धमकी दे दी।

गौकस हिस्ट्रीशीटर है, उसके खिलाफ कई थानों में मुकदमे दर्ज है। उसने सिपाही से कहा जैसे तेरा दोस्त सिपाही अजय यादव की हत्या हुई थी, वैसे तेरी भी कर दी जाएगी। सिपाही रियाजुद्दीन ने बताया कि वह बुधवार को गवाही के लिए कोर्ट आया था। कोर्ट के बाहर गौकस सलीम पड्डा ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने थाना न्यू आगरा में तहरीर दी है।

## सड़कों पर कीचड़ से राहगीर हो रहे परेशान

संवाददाता, करियामई

**अमृत विचारः** बरसात के दौरान गांव की सड़कें कीचड़ में तब्दील हो गईं हैं। सफाई कर्मी के न आने से नाले और नालियों की सफाई नहीं हो रही है। जिसकी वजह से लोगों को आने जाने में दिक्कतें हो रही हैं। पानी की पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गईं सड़कों में गड्ढे बन गए हैं। लोग गिर कर चोटिल हो रहे हैं।

विकास खंड इस्लामनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत करियामई में हर घर-नल जल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़कों की सुधि नहीं ली गई है। बुधवार को लगी साप्ताहिक बाजार बारिश रुकने के बाद कहीं पानी तो कहीं कीचड़ का दलदल नजर आया। जिस कारण आसपास गांवों से आए सब्जी विक्रेता व ग्राहकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।


ग्राम पंचायत करियामई की मुख्य सड़क पर फैला कीचड़। ● अमृत विचार

## नाले में उतराता मिला नवजात का शव

**सैफनी (रामपुर), अमृत विचारः** नगर के एक नाले में नवजात का शव उतराता मिला। जानकारी होते ही मौके पर लोग जमा हो गए। वह उस शिशु की मां को कोस रहे थे। थाना प्रभारी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

नगर के शाहबाद-बिलारी मार्ग पर बुधवार दोपहर एक गैस एजेंसी के सामने नाला चोक होने पर मोहल्ले की ही महिला उसे साफ करने के लिए गई। उसे नाले में नवजात का शव उतराता दिखा तो वह घबरा गई। उसने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी जिससे मौके पर भीड़ जुट गई। इस बीच लोगों ने शव बाहर निकाला। सूचना मिलने के बाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी हरिओम सिंह ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। थाना प्रभारी ने आसपास के अस्पतालों में जाकर जांच कराई, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। लोगों में मामले को लेकर चर्चा रही कि नगर में चल रहे अवैध नर्सिंग होम में अवैध संबंधों के चलते होने वाले प्रसव को छिपाने के लिए इस तरह के काम होते हैं।

## फायर मिस हो जाने से बची जान, रिपोर्ट दर्ज

- एसएसपी के आदेश पर चार आरोपियों पर कार्रवाई
- रिपोर्ट नहीं दर्ज करने पर की थी एसएसपी से शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक से मारपीट की। जान से मारने की नीयत से सीने पर तमंचा रखकर फायर कर दिया लेकिन फायर मिस हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव सालारपुर निवासी राकेश पाल ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 18 जून शाम लगभग सात बजे वह अपने खेत पर नर्सरी के पौधों में पानी लगा रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते गांव सिकरापुर निवासी बेचे सिंह व अरविंद सिंह पुत्र श्रीराम, सचिन, आशु उनके खेत पर पहुंच गए। आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। अरविंद और सचिन ने उन्हें पकड़ लिया। बेचे सिंह ने आशु के हाथ से तमंचा लेकर सीने पर लगाकर फायर कर दिया लेकिन फायर मिस हो गया।

बेचे सिंह तमंचे की नाल में फंसा कारतूस निकालने लगा और बाकी तीनों ने पीटना शुरू कर दिया। वह चिल्लाया तो गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

शिकायत करने पर पुलिस ने मेडिकल परीक्षण तो कराया लेकिन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसएसपी के आदेश पर आरोपी बेचे सिंह, अरविंद सिंह, सचिन और आशु के खिलाफ जानलेवा हमला, मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## पहले दिन एटा बना विजेता, 23वीं वाहिनी मुरादाबाद उपविजेता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 27वीं अंतरवाहिनी पीएसी पश्चिमी जोन की भारोत्तोलन कलस्टर (भारोत्तोलन एवं पावर लिफ्टिंग) प्रतियोगता का आयोजन बुधवार से शुरू हो गया है। पहले दिन प्रतिभागियों ने बढ-चढ़ कर हिस्सा लिया। पहले दिन 43वीं वाहिनी पीएसी एटा ने विजेता होने का गौरव हासिल किया। वहीं 23वीं वाहिनी मुरादाबाद उपविजेता रही। 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद में हो रहा आयोजन शुक्रवार तक चलेगा। इसमें जोन की सभी 14 वाहिनियों की टीमों के लगभग 300 अधिकारी व कर्मचारी प्रतिभाग कर रहे हैं। मेजबान टीम के कप्तान द्वारा सभी टीमों के खिलाडियों को प्रतियोगिता के दौरान खेल भावना व प्रतियोगिता के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इसमें 43वीं वाहिनी पीएसी एटा के उप सेनानायक कमल किशोर और मुरादाबाद पीएसी के चिकित्सक यासिर अराफात समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता को दस भार वर्ग में बांटा गया है। जिसमें 55 किलो से लेकर 109 किलो तक भार शामिल किया गया है। पहले दिन 55 किलो भार वर्ग में पहले स्थान पर विजय कुमार और दूसरे स्थान पर 45वीं पीएसी वाहिनी के राजा, वहीं तीसरे स्थान पर 47वीं पीएसी वाहिनी के लालित कुमार रहे। पहले दिन कई प्रतिभागियों ने यह गौरव हासिल किया है। वहीं 201 अंकों के साथ 23वीं पीएसी वाहिनी मुरादाबाद के ललित कुमार उपविजेता रहे। शेष स्पर्धाएं गुरुवार सुबह से प्रारंभ की जाएंगी।

## अवध असम एक्सप्रेस में उमड़ पड़ी भीड़, हंगामा

- चलती ट्रेन से कूदे कई यात्री गीले प्लेटफार्म पर फिसले
- जंक्शन पर दो बार रोकी गई ट्रेन आरपीएफ ने हालात संभाले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ब्लॉक की वजह से बड़ी संख्या में ट्रेनों का संचालन प्रभावित है। ऐसे में दूसरी ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। बुधवार को अवध असम एक्सप्रेस में भीड़ के कारण हंगामा हुआ। दरअसल, जो यात्री प्लेटफार्म पर थे, वे चढ़ नहीं पा रहे थे, जो ट्रेन के अंदर थे, वे उतर नहीं पा रहे थे। इस बीच ट्रेन चल दी। कई यात्री चलती ट्रेन से कूद पड़े और गीले प्लेटफार्म पर फिसल कर गिर गए। दो बार ट्रेन को रोका गया। जो लोग उतरने से रह गए थे, आरपीएफ के स्टाफ ने उनका ट्रेन से उतारा। तब जाकर अवध असम एक्सप्रेस प्लेटफार्म से रवाना हो सकी।

15910 अवध असम एक्सप्रेस एक घंटा से ज्यादा की देरी से बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म एक पर दोपहर 13 बजकर 24 मिनट पर पहुंची। पहले से मौजूद यात्रियों ने सवार होना शुरू कर दिया। जनरल कोच मुरादाबाद छोर की तरफ लगते हैं और इस तरफ शेड नहीं होने के कारण बारिश में भीगते हुए यात्रियों को ट्रेन में सवार होने की जल्दबाजी थी। वहीं भीड़ के कारण गेट ब्लॉक होने से बड़ी तादाद में यात्री जिन्हें उतरना था वो उतर नहीं पाए। इस बीच सिग्नल भी हो गया और ट्रेन चलने लगी। तभी एक के बाद एक लोगों ने ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया और चीख पुकार मच गई।

यह नजारा देख गार्ड ने ट्रेन रुकवाई और कुछ और लोग उतरे। ट्रेन चली तो फिर किसी ने चेन पुलिंग कर दी। जिसके बाद आरपीएफ ने मोर्चा संभाला और जो लोग रह गए थे उनको ट्रेन से नीचे उतारा गया। इस चढ़ने और उतरने को लेकर यात्रियों में खूब बहस भी हुई।



ट्रेन में चढ़ने को धक्कामुक्की करते लोग। ● अमृत विचार

### यह ट्रेनें रहीं निरस्त व लेट

बारिश और अलग-अलग सेक्शन में चल रहे ब्लॉक के कारण बुधवार को 15211 जननायक एक्सप्रेस, 14618 जनसेवा एक्सप्रेस और 22199 सुशासन एक्सप्रेस का संचालन निरस्त रहा। वहीं 14649 सरयू यमुना एक्सप्रेस 5 घंटा 27 मिनट, 15903 डिब्रुगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 5 घंटा 50 मिनट, 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस 1 घंटा 8 मिनट, 12469 कानपुर सेंट्रल जम्मूतवी एक्सप्रेस दो घंटा, 13009 दून एक्सप्रेस तीन घंटा, 12232 चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस एक घंटा, 15098 अमनरनाथ एक्सप्रेस 1 घंटा 18 मिनट, 14674 शहीद एक्सप्रेस 1 घंटा 36 मिनट की दूरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। इस वजह से यात्रियों को परेशानी हुई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बी.एस.सी. (गृह विज्ञान) वर्ष 2018 अनुक्रमांक 7152090016 की सनद (सर्टिफिकेट) दिनांक 28.06.2024 को बस स्टैंड से घर की ओर आते समय रास्ते में कहीं गिर गई है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **मरयम फातिमह पुत्री शाहिद अली खां निवासी कस्बा व डा. जहानाबाद जनपद पीलीभीत।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र साहिद को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **नूर जहाँ पत्नी श्री मेहंदी हसन निवासी ग्राम अगरास तहसील मीरगंज, जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र नमनीत एवं पुत्रवधू श्रीमती खुशबू पत्नी नमनीत (पुत्री शिवदयाल) को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रोशन लाल पुत्र पीतम एवं श्रीमती कमला देवी पत्नी रोशन लाल निवासीगण ग्राम पन्थरा थाना शाही, तहसील मीरगंज, जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र महेश पांडे उर्फ आशु को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रमेश चंद्र पांडे पुत्र स्व. रामचंद्र पांडेय निवासी 26/28, शाहबाद दीवानखाना थाना प्रेमनगर तहसील व जिला बरेली। मो. 7456997484**

REQUIRED
1. Marketing Executive
for Printing & Advertising firm.
Own conveyance must.
Target based.
2. Manual Accounts Expert.
Salary negotiable
stxc@rediffmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

